भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1019
दिनांक 05.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण वर्ष 2025-26

1019. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025-26 के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले संभावित गांवों, जिलों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार, विशेषकर महाराष्ट्र के विशेष संदर्भ में ब्यौरा क्या है;
है:
(ख) गांवों, जिलों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को किन-किन मानदंडों के आधार पर श्रेणीबद्ध किए जाने की संभावना है;
(ग) क्या सर्वेक्षण के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए गए हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 (एसएसजी 2025) का प्रस्तावित कवरेज 34 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (महाराष्ट्र सहित), 761 जिलों और 21,000 गांवों में है। कवर किए जाने वाले प्रस्तावित जिलों और गांवों की संख्या, जिसमें महाराष्ट्र के जिले और गाँव भी शामिल हैं, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार **अनुबंध** में दी गई है।

(ख) एसएसजी 2025 के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों की रैंकिंग के मानदंड निम्नलिखित पैरामीटरों पर आधारित हैं:

- सेवा स्तर की प्रगति

- गांवों में स्वच्छता का प्रत्यक्ष अवलोकन
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) संयंत्रों की कार्यशीलता का प्रत्यक्ष अवलोकन
- नागरिक प्रतिक्रिया

(ग) और (घ) एसएसजी 2025 का आयोजन विभिन्न मात्रात्मक और गुणात्मक स्वच्छता संकेतकों के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों की रैंकिंग प्रदान करने के लिए एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष सर्वेक्षण एजेंसी के माध्यम से किया गया है। एसएसजी 2025 को राष्ट्रीय, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर की कार्यशालाओं और सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से प्रचारित किया गया है। विभिन्न पैरामीटरों पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के नागरिकों की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए एक एप्लिकेशन विकसित की गयी है। डाटा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र स्तर के डाटा संग्रह के दौरान परिसंपत्तियों की जियो-टैगिंग की गई है। एसएसजी 2025 पोर्टल का उपयोग क्षेत्र-स्तरीय डाटा संग्रह और नागरिकों की प्रतिक्रिया की दैनिक प्रगति की निगरानी के लिए भी किया जाता है।

*****

अनुबंध

दिनांक 05.02.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1019 के उत्तर के भाग (क) में उल्लिखित अनुबंध

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कवर किए जाने वाले प्रस्तावित जिलों की संख्या	कवर किए जाने वाले प्रस्तावित गांवों की संख्या
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	3	50
2	आंध्र प्रदेश	26	759
3	अरुणाचल प्रदेश	25	500
4	असम	35	709
5	बिहार	38	1646
6	छत्तीसगढ	33	660
7	दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव	3	44
8	गोवा	2	40
9	गुजरात	33	733
10	हरियाणा	22	440
11	हिमाचल प्रदेश	12	240
12	जम्मू एवं कश्मीर	20	396
13	झारखंड	24	533
14	कर्नाटक	31	874
15	केरल	14	462
16	लद्दाख	2	40
17	लक्षद्वीप	1	10
18	मध्य प्रदेश	52	1152
19	महाराष्ट्र	34	1260
20	मणिपुर	16	320
21	मेघालय	12	240
22	मिजोरम	11	220
23	नागालैंड	16	320
24	ओडिशा	30	863
25	पुदुचेरी	2	40
26	पंजाब	23	460
27	राजस्थान	48	1187
28	सिक्किम	6	120
29	तमिलनाडु	37	1159
30	तेलंगाना	32	640
31	त्रिपुरा	8	160
32	उत्तर प्रदेश	75	3069
33	उत्तराखंड	13	260
34	पश्चिम बंगाल	22	1394
	कुल	**761**	**21000**